an>

Title: Regarding situation arising out of the difficulties being faced by the jewellers in the country.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आज ज़ीरो ऑवर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न को उठाने का आपने मौका दिया है कि पूरे देश के जो स्वर्ण व्यवसायी हैं, आज सात दिनों से वे हड़ताल पर हैं। आज स्वर्ण तथा हीरे के जेवरातों पर जो एक प्रतिशत का उत्पाद कर लगाया गया है, जिसके विरोध में देश भर के स्वर्ण व्यवसायी पिछले दो सप्ताह से हड़ताल पर हैं, केन्द्र सरकार इन व्यापारियों के हितों की अनदेखा कर रही है।

आपको भी याद होगा कि वर्ष 2012 में यूपीए की तत्कालीन सरकार ने भी इस उत्पाद कर को लगाने का प्रस्ताव लाया था। उस समय भी एनडीए के द्वारा इसका विरोध किया गया था। वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा गया था कि इस उत्पाद कर को वापस लिया जाए। इसे इसलिए वापस लिया जाए क्योंकि जो एक्साइज ड्यूटी लगायी जा रही है, उसके कारण ब्यूरोक्रेट्स के द्वारा पूरी तरह से स्वर्ण-व्यवसायियों का दोहन किया जाएगा। जब आज उनकी सरकार बनी है, तो वही आज इस प्रकार का उत्पाद कर लगाने का काम कर रही है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि आज विगत् सात दिनों से देश भर के स्वर्ण व्यवसायी हड़ताल पर हैं। इसलिए उनको ध्यान में रखते हुए उत्पाद कर को वापस लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : सर्व श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, लक्ष्मी नारायण यादव, हुकुम सिंह, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, विष्णु दयाल राम, ओम प्रकाश यादव, राजेन्द्र अग्रवाल, संतोष अहलावत, रामचरण बोहरा, गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजेश रंजन, राजीव सातव, को श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से स्वयं को संबद्ध करना चाहता हूँ।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाये गये विषय से स्वयं को संबद्ध करना चाहता हूँ।